कार्यालय प्राचार्य रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, साल्हेवारा
जिला– खैरागढ़–छुईखदान–गंडई (छ0ग0)

क्रमांक 115/अतिथि व्याख्याता/2023 साल्हेवारा,दिनांक 16/09/2023

//अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक 504/126/आउशि/राज.स्था./2023 नवा रायपुर अटल नगर दि. 10/07/2023 के परिपालन में सत्र 2023–24 हेतु निम्नलिखित विषयों में अतिथि व्याख्याता के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

क्रमांक	विषय	रिक्त पद
1	**राजनीति विज्ञान**	**01**
	कुल	**01**

यह व्यवस्था निम्न शर्तो के अधीन होगी :–

1. उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के आदेश के अनुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप प्रवीण्यता के आधार पर अभ्यार्थियों को रिक्त पदो के अनुसार अध्यापन हेतु बुलाया जा सकेगा। मानदेय राशि 300 रूपये प्रति व्याख्यान (40–45 मिनट) देय होगा प्रतिदिन अधिकतम 1200/– रूपये तथा प्रतिमाह अधिकतम 31200/– रूपये देय होगा।
2. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अन्तर्गत नहीं माने जायेंगे।
3. आवेदन पत्र की अंतिम तिथि दिनांक **25/09/2023 संध्या 5.00 बजे तक** डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिये या स्वंय उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं, अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
4. **ई–मेल से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।**
5. चयनित उम्मीद्वार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा शासकीय/अशासकीय सेवक न हो इस बाबत् कार्यभार ग्रहण करते समय शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. जिन विषयों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति अथवा स्थानांतरण से पदस्थापना की जावेगी उन विषयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जावेगी।
7. शासन के आदेश प्राप्ति पर या कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर या आवश्यकता नहीं होने पर अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें समाप्त की जा सकती है।

16.09.2023
(डॉ.एन.एस.वर्मा)
प्र.प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा
जिला–खैरागढ़–छुईखदान–गंडई(छ.ग.)

क्रमांक 116/अतिथि व्याख्याता/2023 साल्हेवारा,दिनांक 15/09/2023

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक सी–30 द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य,/कार्यालय प्रमुख..को इस निवेदन के साथ ही अपने सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

16.09.2023
(डॉ.एन.एस.वर्मा)
प्र.प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा
जिला–खैरागढ़–छुईखदान–गंडई(छ.ग.)